

02

स्कूल में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 196 वीं जयंती पर किया हवन

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04


अग्रवाल महाविद्यालय में मनाई गई स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 27 फरवरी 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1942, माघ कृष्ण पक्ष एकादशी, मूल्य, 2.00 रुपए

दीप्रज्जावलित कर आर्य समाज के संस्थापक, महान चिंतक व समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जन्मतिथि मनाते हुए।

## अग्रवाल महाविद्यालय में मनाई गई स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में शनिवार को आर्य समाज के संस्थापक, महान चिंतक व समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जन्मतिथि मनाई गई। उपप्राचार्य कमल टंडन ने स्वामी दयानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि स्वामी दयानन्द ने वेदों के प्रचार और आर्यावर्त को स्वतंत्रता दिलाने के लिए मुम्बई में आर्यसमाज की स्थापना की।

वेदों की ओर लौटो उनका प्रमुख नारा था। उन्होंने हिंदू धर्म में फैली बुराइयों व पाखण्डों का खंडन किया। स्वामी द्वारा रचित ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का प्रमुख उद्देश्य आर्य समाज के सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ पूनम आनंद, डॉ जयपाल सिंह, डॉ अशोक कुमार निराला, डॉ रामचंद्र लाइब्रेरियन, डॉ ऋतु, डॉ. सारिका, डॉ गीता, डॉ मीनू, डॉ इनायत, मिस्टर सुभाष, दीप्ति व विधार्थियों ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया व पुष्प भेंट कर उन्हें नमन किया।